Student/Registration Number | | | | | | | | | | | Centre Number | | | | | | |

# 2020 Public Examination

# Hindi
## Continuers Level

**Tuesday 20 October: 2 pm Australian Eastern Daylight Time**

Reading Time: 10 minutes
Working Time: 2 hours and 30 minutes

- *You have 10 minutes to read all the papers and to familiarise yourself with the requirements of the questions. You must not write during this time.*
- *Monolingual and/or bilingual printed dictionaries may be consulted during the reading time and also during the examination.*

## Section 1: Listening and Responding (30 marks)

**Instructions to Students**

1. Allow approximately 40 minutes for Section 1.
2. Write all your answers to the questions in Section 1 in this booklet in black or blue pen. Space is provided for you to make notes.
3. You must answer ALL questions in Part A and Part B.
4. Answer Part A in ENGLISH and Part B in HINDI.
5. Write your student/registration number and the centre number (if required) on the front cover of this booklet.
6. All question booklets will be collected at the end of the examination.

© *Victorian Curriculum and Assessment Authority 2020*

**Part A** (Questions 1–3)
(15 marks)

---

*Your response will be assessed on how well you:*

- *understand general and specific aspects of texts by identifying and analysing information and convey the information accurately and appropriately.*

---

You will hear THREE texts. Each text will be played twice. There will be a short break between the first and second playings of each text. You may make notes at any time.

Listen carefully to each text and then answer the questions in ENGLISH.

**Marks** | You may make notes in this space. These notes will NOT be assessed.

**Text 1**

1. (a) Tick (✓) the correct response. **1**

What should a driver do immediately after leaving Jawahar Road?

(A) turn left onto Mahatma Gandhi Road ☐

(B) turn left at the flower garden ☐

(C) turn right onto Mahatma Gandhi Road ☐

(D) turn right at the flower garden ☐

(b) How do you know that the purpose of the text is to inform rather than to persuade? **3**

___________________________________________

___________________________________________

___________________________________________

___________________________________________

___________________________________________

___________________________________________

Marks

You may make notes in this space. These notes will NOT be assessed.

**Text 2**

2. (a) Why is Japan mentioned in this news item? **2**

(b) Identify **four** ways in which passengers and the community will benefit from this new train. **4**

Marks

You may make notes in this space. These notes will NOT be assessed.

**Text 3**

3. (a) Why does Mukul decide to use the meditation equipment? **2**

(b) Give **three** positive aspects of the meditation equipment. **3**

**Part B** (Questions 4–6)
(15 marks)

---

*Your response will be assessed on how well you:*

- *understand general and specific aspects of texts by identifying and analysing information and convey the information accurately and appropriately.*

---

You will hear THREE texts. Each text will be played twice. There will be a short break between the first and second playings of each text. You may make notes at any time.

Listen carefully to each text and then answer the questions in HINDI.

**Marks**

You may make notes in this space. These notes will NOT be assessed.

**Text 4**

4. Satish Gupta is renowned. Provide **four** examples of his achievements to support this statement. **4**

सतीश गुप्ता सुप्रसिद्ध हैं। इस कथन को प्रमाणित करने के लिए उनकी उपलब्धियों के चार उदाहरण दीजिए।

Marks | You may make notes in this space. These notes will NOT be assessed.

**Text 5**

5. Explain how Madhu Singhal was able to overcome her difficulties and helped others affected by similar difficulties. **6**

   बताइए मधु सिंघल कैसे अपनी कठिन परिस्थितियों से उबरीं और समान कठिनाइयों से प्रभावित दूसरों की सहायता कैसे की।

Marks

You may make notes in this space. These notes will NOT be assessed.

**Text 6**

6. Meera Manohar states in the interview that 'it will be an incredible event'. Provide evidence from the text to support her statement. **5**

   मीरा मनोहर साक्षात्कार में कहती हैं कि "यह एक अदभुत उत्सव होगा" उनके इस कथन का समर्थन करने के लिये टेक्स्ट से प्रमाण प्रदान करें।

**End of Section 1**

BLANK PAGE

| Student/Registration Number | | | | | | | | | | | | Centre Number | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

**2020 PUBLIC EXAMINATION**

# Hindi
## Continuers Level

### Section 2: Reading and Responding (25 marks)

**Instructions to Students**

1. Allow approximately 1 hour and 10 minutes for Section 2.
2. Write all your answers to the questions in Section 2 in this booklet in black or blue pen.
3. You must answer ALL questions in Part A and Part B.
4. Answer Part A in ENGLISH and Part B in HINDI.
5. Write your student/registration number and the centre number (if required) on the front cover of this booklet.
6. All question booklets will be collected at the end of the examination.

© *Victorian Curriculum and Assessment Authority 2020*

**Part A** (Questions 7–8)
(10 marks)

---

*Your response will be assessed on how well you:*

- *understand general and specific aspects of texts (for example, by comparing, contrasting, summarising and/or evaluating) and convey the information appropriately.*

---

7. Read the text and then answer in ENGLISH the questions that follow.

अभी हाल ही में ब्रिज़्बेन के संग्रहालय में दो विश्वविख्यात ऑस्ट्रेलियन फैशन डिज़ाइनरों पैमिला ईस्टन व लिडिया पिअरसन के २०० से अधिक वस्त्रों की प्रदर्शनी हुई जिनमें भारतीय कपड़ा विशेषज्ञों एवं कसीदाकारों का भारी योगदान रहा था। ईस्टन और पिअरसन वे दो युवा महिलाएँ थीं जिन्होंने फैशन एवं फैशन उद्योग का रुप ही बदल दिया। उनके बनाए परिधानों की विशेषता ये थी कि बिल्कुल अलग होने के बाद भी उन्हें एक दूसरे के साथ मिलाकर पहना जा सकता था। ये परिधान बारीक कढ़ाई और मोती नक्काशी के काम से सजे बहुत रंगबिरंगे होते थे।

अपना फैशन घर स्थापित करने के तुरंत बाद ही ईस्टन व पिअरसन को ये आभास हुआ कि उन्हें विशेषज्ञ कसीदाकारों की आवश्यकता पड़ेगी और यहाँ से उन्होंने जोड़े कुछ निपुण भारतीय कसीदाकारों से बहुत ही लंबे एवं गहरे संबंध। प्रदर्शित किए गए परिधान और फैशन से जुड़ी वस्तुएँ ये दर्शाती हैं कि उनके भारतीय सहकर्मी सिलाई, कसीदाकारी व नक्काशी में कितने निपुण थे और सबसे प्रशंसनीय बात यह कि ये सृजनशील भारतीय ईस्टन, पिअरसन की बिल्कुल ही अलग परिकल्पना को मूर्तरुप दे सके। ब्रिज़्बेन के दो युवा डिज़ाइनरों और भारत के वरिष्ठ और बहुत ही अनुभवी कसीदाकारों ने मिलकर कई दशकों तक बहुत आनंदपूर्वक काम किया। १९९० के दशक के मध्य तक ईस्टन पिअरसन फैशन ने विश्व के २४ देशों में अपनी जगह बनाई। सन् २०१४ में फैशन घर के बंद होने पर लिडिया पिअरसन ने कहा कि साथ काम करने वालों में उनके भारतीय सहकर्मी सबसे अच्छे सहभागी थे और उन्हें उनकी मित्रता, स्नेह व अत्युत्तम हुनर की कमी हमेशा खलेगी।

QUESTIONS

**Marks**

(a) Why did the Australian designers need the support of experts in India? **2**

(b) What evidence from the text suggests that the relationship between the people in India and the Australian designers was very good? **3**

8. Read the text and then answer in ENGLISH the question that follows.

"परिवर्तन के दूत" श्रृंखला में आज आपको फैशन डिज़ाइनर प्रवीन चौहान के विषय में बताने जा रही हूँ जिन्होंने खादी एवं बिहार के बुनकरों के पुनरुत्थान के लिए "मात्र" नामक सामाजिक उद्यम की स्थापना कर बुनकरों को रोज़गार प्रदान किया, उन्हें बाज़ार के बदलते स्वरुप की बेहतर जानकारी दी व समय के साथ चलने की आवश्यकता को समझने में सहायता की । उन्होंने खादी को फैशन की अंतर्राष्ट्रीय राजधानियों लंदन, पैरिस, मिलान व न्युयॉर्क पहुँचाया और बुनकरों को अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में खरीददार दिलवाने में मदद की। इतना ही नहीं इस सामाजिक उद्यमी ने पर्यावरण व लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने के प्रति एक और असाधारण पहल की।

इन्होंने ऑस्ट्रेलिया के फैशनघर "हाउस ऑफ नेचर" के साथ जुड़ "हैप्पी हैंडज़ प्रोजेक्ट" की शुरुआत की जिसमें गया के महाबोधि मंदिर में चढ़ाए जाने वाले फूलों को एकत्रित कर उनसे खादी के सामान के लिए प्राकृतिक रंग बनाए जाते हैं। इस उद्यम ने न केवल ५० गरीब महिलाओं को चिरस्थायी रोज़गार दिया वरन् बासी फूलों के पुनःप्रयोग व सड़े फूलों के कुप्रभाव से पर्यावरण को बचाने की ओर योगदान भी।

QUESTION

**Marks**

What evidence from the text suggests that Praveen Chauhan deserves to be on the program called *Change-makers*? **5**

**Part B** (Question 9)
(15 marks)

---

*Your response will be assessed on how well you:*
- *demonstrate an understanding of the stimulus text*
- *write text appropriate and relevant to context, purpose and audience*
- *structure and sequence information and ideas*
- *manipulate language structures and vocabulary in Hindi.*

---

9. Read the text and then answer the question in approximately 150 words in HINDI on page 8.

प्रिय सुबोध

आशा करती हूँ कि तुम सकुशल होगे। तुम्हें कक्षा में प्रथम आने की बहुत-बहुत बधाई!

मुझे भी अगले वर्ष अपनी अंतिम परीक्षा के लिए बैठना है। मेरे माता-पिता चाहते हैं कि मैं अन्य विषयों के साथ हिन्दी लूँ लेकिन मैं हिन्दी की पढ़ाई जारी रखने को लेकर बहुत दुविधा में हूँ। मैं ऑस्ट्रेलिया में हिन्दी पढ़ने और सीखने को लेकर सोच में पड़ गई हूँ। तुम तो जानते ही हो कि मैं तो यहीं पली-बड़ी हूँ और अभी तक की सारी मेरी विद्यालयीन शिक्षा भी यहीं पर हुई है। मैं हिन्दी बहुत अच्छे से बोल, पढ़ व समझ सकती हूँ मगर लिखने को लेकर चिंतित हूँ। कहीं ऐसा ना हो कि हिन्दी को चुनने के कारण मुझ पर पढ़ाई का अतिरिक्त दबाब पड़े क्यूंकि लेखनशैली सुधारने में मुझे बहुत समय लगेगा। तुम मेरे सबसे अच्छे मित्र हो और सदैव सही सलाह देते हो।

पत्र की प्रतीक्षा में!

सुलेखा

QUESTION

Write an informal letter to your friend, explaining the importance and benefits of learning Hindi and persuading her to include Hindi in her future studies.

अपनी मित्र को हिन्दी भाषा की उपयोगिता और लाभ समझाते हुए उसे आगे की पढ़ाई के लिए हिन्दी विषय लेने के लिए प्रेरित करते हुए एक अनौपचारिक पत्र लिखें।

You may make notes in this space. These notes will NOT be assessed.

*Do not remove this page from the question booklet.*

| Student/Registration Number | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

| Centre Number | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|

Hindi
Continuers Level

Question 9

**End of Section 2**

BLANK PAGE

Student/Registration Number | | | | | | | | | | | Centre Number | | | | | | |

# 2020 Public Examination

# Hindi
## Continuers Level

## Section 3: Writing in Hindi (20 marks)

**Instructions to Students**

1. Allow approximately 40 minutes for Section 3.
2. Write your answer to a question from Section 3 in this booklet in black or blue pen. Space is provided for you to make notes.
3. You must answer ONE question in HINDI.
4. Write your student/registration number and the centre number (if required) on the front cover of this booklet.
5. All question booklets will be collected at the end of the examination.

© Victorian Curriculum and Assessment Authority 2020

**Section 3** (Questions 10–12)
(20 marks)

---

*Your response will be assessed on how well you:*

- *demonstrate depth of treatment of information, ideas and/or opinions*
- *write text appropriate and relevant to context, purpose and audience*
- *structure and sequence information and ideas*
- *manipulate language structures and vocabulary in Hindi.*

---

Answer ONE question from this section in approximately 250 words in HINDI.

10. Imagine that you are a bird flying over India's hottest and coldest places. Write a story for children, explaining the experiences that you had on the way. Your story will be published in a book called *Stories about Birds*.

    कल्पना कीजिए कि आप एक पक्षी हैं और भारत में सबसे अधिक गर्म और ठंडे स्थानों के ऊपर उड़ान भर रहे हैं। उस उड़ान के समय आपको क्या अनुभव हुए उसके बारे में बताते हुए बच्चों के लिये एक कहानी लिखिए। यह कहानी "पक्षियों की कहानियाँ" नामक पुस्तक में प्रकाशित की जायेगी।

11. Your teacher has asked you to interview your grandparents to gather information about their teenage years. Write the text of your interview, which will be published in a popular city newspaper.

    आपकी अध्यापिका ने आपसे अपने दादा/दादी या नाना/नानी से साक्षात्कार कर उनकी किशोरावस्था के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिये कहा है। आपका यह साक्षात्कार शहर के एक लोकप्रिय समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

12. You are reflecting on your secondary schooling in Australia. You have vivid memories of one particular lesson that made a great impact on you. Write a reflective diary entry on that lesson and its impact.

    आप अपनी ऑस्ट्रेलिया में की गई माध्यमिक शिक्षा पर विचार कर रहे हैं। आपके पास एक विशेष पाठ की जीवंत स्मृतियाँ हैं जिसने आपको बहुत प्रभावित किया था। उस पाठ और उसके प्रभाव पर एक विचारात्मक डायरी प्रविष्टि करें।

You may make notes in this space. These notes will NOT be assessed.

Question Number:

PLEASE TURN OVER

**End of Section 3**